फर्द अहकाम
अज अदालत संभागीय आयुक्त जोधपुर

पाबूराम पुत्र हजारीमल वगैराह बनाम राज0 सरकार वगैराह

किस्म मुकदमा अन्तर्गत धारा 75 राज0भू राजस्व अधि0 राजस्व अपील संख्या 102/2023

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
04–08–2025	पत्रावली अपीलान्ट के विद्वान अधिवक्ता के द्वारा आज दिनांक 04.08.2025 को एक प्रार्थना पत्र बाबत विड्रो करने अपील, का पेश किया गया। अपीलान्ट के विद्वान अधिवक्ता के द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया गया। अपीलान्ट के विद्वान अधिवक्ता के द्वारा उक्त प्रार्थना पत्र पेश करते हुए यह कथन किया गया कि अपीलार्थी एवं रेस्पोडेन्टस के मध्य लोक अदालत की भावना से एवं समाज के मौजिज लोगों के समझाईश से राजीनामा हो गया है। अपीलार्थी उक्त अपील को आगे नहीं चलाना चाहते है तथा न ही कोई अनुतोष प्राप्त करना चाहता है। अपीलार्थी अब उक्त अपील विड्रो करना चाहता है। अतः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन है कि उपरोक्त अपील को जरिये विड्रोल खारिज किये जाने का आदेश फरमावें। अपीलान्ट के विद्वान अधिवक्ता के द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का बगौर अवलोकन किया गया। अपीलार्थी उक्त विचाराधीन अपील को और आगे नहीं चलाना चाहता है। ऐसे में अपीलान्ट तथा अपीलान्ट के विद्वान अधिवक्ता के द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 4.8.2025 को लोक अदालत की भावना से स्वीकार किया जाकर अपील के गुणावगुण पर विचार किये बिना इस अपील को और अधिक विचाराधीन नहीं रखते हुए इसी स्तर पर निस्तारण करते हुए अपील जरिये प्रार्थना पत्र द्वारा अपीलान्ट बाबत विड्रो के आधार पर खारिज की जाती है। पत्रावली दर्ज फैसल शुमार होकर नम्बर से कम की जावे। अधीनस्थ न्यायालय का मूल रेकर्ड लौटाया जावे। सम्भागीय आयुक्त, जोधपुर	

कार्यालय सम्भागीय आयुक्त ★ जोधपुर ★